ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 179

दिल्ली हाईकोर्ट का फैसलाः सक्षम जीवनसाथी को स्थायी गुजारा भत्ता नहीं मिलेगा



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि आर्थिक रूप से सक्षम और आत्मनिर्भर जीवनसाथी को स्थायी गुजारा भत्ता (एलिमनी) नहीं दिया जा सकता। जस्टिस अनिल क्षेत्रपाल और जस्टिस हरीश वैद्यनाथन शंकर की डिवीजन बेंच ने स्पष्ट किया कि स्थायी गुजारा भत्ता सामाजिक न्याय का एक माध्यम है, न कि सक्षम व्यक्ति को अमीर बनाने या आर्थिक बराबरी करने का साधन। हाईकोर्ट ने यह निर्णय एक महिला की स्थायी गुजारा भत्ता की मांग को खारिज करते हुए सुनाया। महिला रेलवे में ग्रुप एक अधिकारी हैं और पर्याप्त आय अर्जित करती हैं। कोर्ट ने कहा कि गुजारा भत्ता मांगने वाले को यह साबित करना होगा कि उसे वास्तव में आर्थिक मदद की आवश्यकता है। मामले का विवरणः पति पेशे से वकील हैं और पत्नी रेलवे की अधिकारी। दोनों की यह दूसरी शादी थी। जनवरी 2010 में शादी हुई और 14 महीने बाद अलग हो गए। पति ने पत्नी पर मानसिक और शारीरिक क्रूरता, गाली-गलौज, अपमानजनक मैसेज भेजने और सोशल इवेंट में अपमान करने के आरोप लगाए। वहीं, पत्नी ने इन आरोपों से इनकार करते हुए पति पर ही क्रूरता का आरोप लगाया। फैमिली कोर्ट ने तलाक का आदेश दिया और पत्नी ने 50 लाख रुपए की स्थायी गुजारा भत्ता की मांग की थी। हाईकोर्ट ने पाया कि फैमिली कोर्ट का निष्कर्ष कि पत्नी की मांग में आर्थिक दृष्टिकोण था, सही और तर्कसंगत था। कोर्ट ने यह भी कहा कि पत्नी ने पति और उनके माता-पिता के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया, जो मानसिक क्रूरता के बराबर था। अंत में, दिल्ली हाईकोर्ट ने स्थायी गुजारा भत्ता देने से इनकार कर यह स्पष्ट कर दिया कि सक्षम और आत्मनिर्भर जीवनसाथी को सामाजिक न्याय की दृष्टि से ही सहारा दिया जाता है, न कि आर्थिक लाभ के लिए।

रेलवे की डिजिटल चौकसीः फर्जी सूचनाओं पर अब रियल-टाइम मॉनिटरिंग, 20 से अधिक सोशल मीडिया हैंडल्स पर कार्रवाई शुरू

24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। त्योहारों के इस व्यस्त सीजन में जब देशभर में लाखों यात्री रेल यात्रा कर रहे हैं, रेलवे प्रशासन ने अपनी डिजिटल चौकसी प्रणाली को और मजबूत किया है। रेलवे अब न केवल ट्रेनों की समयबद्धता और सुरक्षा पर, बल्कि सूचना की प्रामाणिकता पर भी कड़ी निगरानी रख रहा है। हाल के दिनों में कुछ सोशल मीडिया हैंडल्स द्वारा पुराने या भ्रामक वीडियो शेयर कर भीड़भाड़, टिकट संकट और



सुविधाओं को लेकर अफवाहें फैलाने की कोशिश की जा रही थी। इन मामलों में रेलवे ने 20 से अधिक ऐसे हैंडल्स की पहचान कर एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की है। रेल मंत्रालय के अनुसार, रेलवे की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम 24x7 सक्रिय है और संदिग्ध कंटेंट को ट्रैक करने के लिए अत्याधुनिक डिजिटल टूल्स का इस्तेमाल कर रही है। उद्देश्य यह है कि यात्रियों तक केवल सत्यापित और विश्वसनीय जानकारी पहुंचे। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे किसी भी अनजाने स्रोत से प्राप्त वीडियो या पोस्ट पर विश्वास न करें और केवल मंत्रालय के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट्स — @RailMinIndia (X, Facebook, Instagram, YouTube) से जारी अपडेट्स को ही फॉलो करें। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यह कदम न केवल अफवाहों पर रोक लगाने के लिए है, बल्कि डिजिटल युग में रेल प्रशासन और यात्रियों के बीच विश्वास की नई कड़ी स्थापित करने का प्रयास भी है।

देवगढ़ मदारिया से मारवाड़ जंक्शन वाया टोडगढ़–रावली नई रेल लाइन के फाइनल लोकेशन सर्वे को मंजूरी



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली / उदयपुर। राजस्थान के लिए एक और बड़ी रेल परियोजना को केंद्र सरकार की मंजूरी मिली है। रेलवे ने मारवाड़ जंक्शन से देवगढ़ मदारिया वाया टोडगढ़–रावली तक नई रेल लाइन बिछाने के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे (FLS) को स्वीकृति प्रदान की है। इस नई रेल लाइन की लंबाई करीब 72 किलोमीटर होगी। इसके सर्वे कार्य के लिए 11.75 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। यह रेल परियोजना राजसमंद, उदयपुर, पाली और आसपास के क्षेत्रों को राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव द्वारा राजस्थान में रेल संपर्कों को सुदृढ़ करने के लिए विशेष पहल की जा रही है। इसी प्रयास के तहत यह नई रेल लाइन राज्य के पर्वतीय और पर्यटन क्षेत्रों को मुख्य रेल मार्गों से जोड़ने की दिशा में एक अहम कदम है। देवगढ़ मदारिया और टोडगढ़ जैसे ऐतिहासिक व पर्यटन स्थलों तक अब तक पहुंच केवल सड़क मार्ग तक सीमित थी। नई रेल लाइन से इन क्षेत्रों तक रेल मार्ग से पहुंच आसान होगी, जिससे पर्यटन, व्यापार, कृषि और स्थानीय उद्योगों को नई गति मिलेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, फाइनल लोकेशन सर्वे पूरा होने के बाद परियोजना की वित्तीय और तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिसके आधार पर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) रेलवे बोर्ड को स्वीकृति हेतु भेजी जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले नाथद्वारा–देवगढ़ मदारिया (82 किमी) रेल लाइन के गेज परिवर्तन कार्य पर 969 करोड़ रुपए की लागत से कार्य प्रगति पर है। इन दोनों परियोजनाओं के पूर्ण होने पर क्षेत्र का जयपुर, दिल्ली, उदयपुर, अहमदाबाद और मुंबई जैसे प्रमुख शहरों से सीधा रेल संपर्क स्थापित हो जाएगा। रेल मंत्रालय के अनुसार, देश के विभिन्न अंचलों को रेलवे नेटवर्क से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं ताकि क्षेत्रवासियों को अधिकाधिक रेल सुविधाएं और आर्थिक प्रगति के अवसर प्राप्त हो सकें।



धनतेरस पर खरीद रहे सोना, 3 बातों का रखें ध्यानः4 तरीकों से कर सकते हैं निवेश, अगले साल तक 1.60 लाख तक जाने की उम्मीद




24 न्यूज अपडेट

आज, 18 अक्टूबर को धनतेरस है। इस दिन सोने में निवेश करना शुभ माना जाता है। फिलहाल, 24 कैरेट सोना 1.30 लाख प्रति 10 ग्राम के रेट पर बिक रहा है।

एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगले धनतेरस तक ये 1.60 लाख प्रति 10 ग्राम तक चढ़ सकता है। इस साल अब तक सोने ने 60% से ज्यादा रिटर्न दिया है।

दिवाली ऑफरः एक महीने के लिए BSNL की 4G सेवा फ्री, ऐसे उठाएं लाभ



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्लीः दीपावली के अवसर पर सरकारी दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) ने नए ग्राहकों के लिए फ्री 4G सेवा की पेशकश की है. यह फ्री सेवा एक महीने के लिए होगी. कंपनी चौथी पीढ़ी की सेवाओं के प्रति उपयोगकर्ताओं को आकर्षित करने और बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए यह ऑफर पेश कर रही है.

BSNL ने कुछ महीने पहले ही 4G सेवा लॉन्च की है. नए ऑफर को लेकर कंपनी ने एक बयान में कहा कि वह 15 अक्टूबर से 15 नवंबर के बीच 4G सेवा प्रदान करने के लिए नए ग्राहकों से टोकन के तौर पर 1 लेगी. इस तरह कंपनी ने दिवाली मनाने के लिए, नए ग्राहकों को बिना किसी अन्य लागत के एक महीने की अवधि के लिए केवल 1 रुपये के टोकन पर 4G मोबाइल सेवाएं देने की पेशकश की है. यह दिवाली बोनान्जा 15 अक्टूबर 2025 से 15 नवंबर 2025 तक जारी रहेगा.

इससे पहले, अगस्त महीने में भी बीएसएनएल ने इसी तरह का ऑफर पेश किया था. जिससे कंपनी की बाजार हिस्सेदारी बढ़ी और नए ग्राहक जोड़ने के मामले में भारती एयरटेल को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया था. मोबाइल ग्राहकों की संख्या में 1.38 लाख से ज्यादा की बढ़ोतरी के साथ सरकारी दूरसंचार कंपनी BSNL ने पिछले महीने एयरटेल को पीछे छोड़ दिया.

BSNL के मौजूदा ऑफर के तहत, नए ग्राहकों को अनलिमिटेड वॉयस कॉल, 2GB प्रतिदिन हाई-स्पीड डेटा, 100 SMS प्रतिदिन और एक मुफ्त सिम मिलेगा.

बीएसएनएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर (CMD) रॉबर्ट जे रवि ने कहा, "दिवाली बोनान्जा प्लान (Diwali Bonanza Plan) - जिसमें पहले 30 दिनों के लिए कोई सेवा शुल्क नहीं है - ग्राहकों को बीएसएनएल के स्वदेशी रूप से विकसित 4G नेटवर्क का अनुभव करने का एक गौरवपूर्ण अवसर प्रदान करता है. हमें विश्वास है कि सेवा की गुणवत्ता, कवरेज और बीएसएनएल ब्रांड से जुड़ा विश्वास ग्राहकों को मुफ्त 30 दिनों की अवधि के बाद भी हमारे साथ बने रहने के लिए प्रोत्साहित करेगा."



संपादकीय : निराधार दावे

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हर कुछ दिन बाद ऐसे दावे करते दिखते हैं, जो पहली नजर में बड़े महत्त्व के लगते हैं। मगर थोड़ा वक्त गुजरते ही उनके दावों को लेकर जिस तरह के तथ्य सामने आते हैं उससे उनकी बातों की विश्वसनीयता पर संदेह खड़े हो जाते हैं। पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने जब पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर हमले किए, तो उस संघर्ष को रोकने को लेकर हाल में ट्रंप ने जिस तरह के दावे किए और भारत ने उसे निराधार बताया, उससे उनकी स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस बीच शुल्क लगाने की नीति के जरिए व्यापार युद्ध की स्थिति खड़ी करने के क्रम में अमेरिका ने रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर जुर्माना लगाने की घोषणा कर भारत पर दबाव बनाने की विचित्र कोशिश की । जब भारत ने इस संबंध में नीतिगत फैसला लेने के अपने अधिकार के तहत रूस से तेल आयात करना जारी रखा, तो अब ट्रंप ने अलग स्तर का दावा करके भारत को असहज करने का प्रयास किया है। दरअसल, अमेरिका की ओर से जुर्माना लगाने की घोषणा के बावजूद भारत ने रूस से कच्चे तेल के आय के संबंध में अपने हितों के अनुकूल फैसले पर अमल जारी रखा है। इसी के मद्देनजर अब ट्रंप ने एक नया राग छेड़ा है, जिसके जरिए शायद वे भारत को कमजोर साबित करने की इच्छा रखते हैं। ट्रंप ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि भारत अब रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। हालांकि ट्रंप के इस दावे के बाद भारत की ओर से स्पष्ट किया गया कि प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के बीच कोई बातचीत नहीं हुई। सवाल है कि इतने गंभीर मसले पर अगर ट्रंप बेहिचक एक निराधार दावा कर रहे हैं, तो इसकी क्या वजह है। जबकि भारत ट्रंप की बातों को सिरे से खारिज कर रहा है। ऐसा लगता है कि रूस से तेल खरीद को लेकर भारत के बारे में ट्रंप ने जो कहा है, उसका मकसद भी सिर्फ भारत पर दबाव बनाना और रूस को उकसाना भर है। मगर इस तरह की खोखले बातों के जरिए ट्रंप क्या हासिल कर लेंगे ? ट्रंप के दावों की हकीकत का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि अक्सर वे अलग-अलग देशों के बीच युद्ध रुकवा देने का श्रेय लेते हैं और इस नाते उन्होंने नोबेल शांति सम्मान पाने की भी इच्छा जताई। जबकि पाकिस्तान के साथ हुए टकराव में भारत यह साफ कर चुका है कि संघर्ष - विराम में ट्रंप की कोई भूमिका नहीं थी। विडंबना यह है कि ट्रंप दुनिया भर में एक महाशक्ति माने जाने वाले देश के राष्ट्रपति हैं, लेकिन अक्सर किए जाने वाले उनके दावों और उसके बरक्स हकीकत की वजह से उनके व्यक्तित्व की गंभीरता सवालों के घेरे में आ रही है। अमेरिका का आर्थिक हित सुनिश्चित करना उनका दायित्व है, लेकिन इस क्रम में अन्य देशों की नीतियों को वे जिस तरह प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, उसे उचित नहीं कहा जा सकता। भारत के साथ व्यापार वार्ता के किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले ही उन्होंने जिस तरह भारी आयात शुल्क लगाने की घोषणा कर दी और उसका दायरा और विस्तृत किया, वह एक तरह से अन्य देशों और खासतौर पर भारत के नीतिगत फैसलों को प्रभावित करने की ही कोशिश थी। मगर रूस से कच्चे तेल के आयात को लेकर जुर्माना लगाने की घोषणा से यह साबित हुआ कि अमेरिका की नजर में भारत या अन्य देशों के नीतिगत फैसले लेने के अधिकार और संप्रभुता की कितनी कद्र है।

मुश्किल सफर

हर वर्ष त्योहारों पर घर जाने के लिए बड़ी संख्या में लोगों को जोजहद करनी पड़ती है। जबकि सरकार यह दावा करती है कि यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ाई गई है। विशेष गाड़ियां भी चलाई जा रही हैं। फिर भी ये कम क्यों पड़ रही हैं ? हालत यह है कि दीपावली और छठ से पहले देश के विभिन्न शहरों से अन्य दिशाओं खासकर पूरब या बिहार की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए टिकट हासिल करना युद्ध जीत लेने जैसा होता है भारी संख्या में लोग किसी ट्रेन में टिकट न मिलने पर निराश होते हैं। यहां तक कि तत्काल कोटे में भी लोगों को सीट नहीं मिलती। इसके लिए जो नियम-कायदे अब बनाए गए हैं, उससे आमतौर पर साधारण यात्रियों को असुविधा ही हो रही है। दूसरी ओर मुंबई, पुणे, सूरत, बंगलुरु और दिल्ली जैसे बड़े शहरों से लखनऊ, पटना और कोलकाता जाने वाले विमानों का महंगा किराया विकल्पों को सीमित कर देता है। रेलवे ने प्रतीक्षा सूची के यात्रियों को राहत देने के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन जरूर किया है, लेकिन इसका असर नहीं दिख रहा है। त्योहारों पर हर बार बड़ी संख्या में देनें चलाने की घेषणा कर दी जाती है। फिर भी यात्रियों को टिकट नहीं मिलता। सवाल है कि बारह हजार से अधिक विशेष ट्रेनें चलाने की घोषणा के बावजूद यात्रियों के लिए आसानी से टिकट उपलब्ध क्यों नहीं है ? खासतौर पर होली और दिवाली जैसे त्योहारों पर यह हर वर्ष की समस्या है। सरकार के सामने ऐसे मौके पर ट्रेनों की जरूरत का पूरा अनुमान और हिसाब होता है, मगर यह समस्या बदस्तूर कायम है। यह कड़वा सच है कि आज भी हजारों यात्री जान जोखिम में डाल कर सामान्य कोच से अपने घर जाते हैं। प्लेटफार्म पर कभी-कभी भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो जाती है। जाहिर है, यात्रियों की संख्या के हिसाब से चलाई जा रही ट्रेनें पर्याप्त नहीं हैं। विकल्प के तौर पर कई लोग बसों से यात्रा करते हैं, जो काफी जोखिम भरा और बेरद महंगा भी होता है। एक ओर, बुलेट ट्रेन चलाने सहित भारतीय रेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सेवा बनाने के दावे किए जाते हैं, दूसरी ओर पर्व-त्योहार के मौके पर लाखों लोगों के लिए अपने गांव-घर जाना एक मुश्किल चुनौती है।

अवैध दुकानों ने बढ़ाई चिंता, पटाखा बाजार में इस बार कम रौनक



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर में दिवाली का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। बाजारों में इन दिनों जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। धनतेरस के अवसर पर सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ बाजारों में उमड़ पड़ी। सोना-चांदी के साथ ही बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं और सजावटी सामान की खरीदारी दिनभर जारी रही। वहीं, पटाखों की शहर में जगह जगह खुली दुकानों पर भीड़ देखने को मिल रही है। कई जगह अवैध दुकानें खुलने से परेशानी हो रही है। लवकुश पटाखा बाजार के व्यापारियों ने बताया कि इस बार अवैध दुकानों ने उनकी ग्राहकी कम कर दी है और परेशानी बढ़ा दी है। हालांकि व्यापारियों का कहना यह भी है कि होलसेल दाम होने से शाम तक ग्राहकी बढ़ने की उम्मीद है। इस बार बाजार में नए, रंग-बिरंगे और पर्यावरण अनुकूल पटाखे लोगों को खासे आकर्षित कर रहे हैं। बच्चों से लेकर युवाओं तक में आतिशबाजी को लेकर जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है। इस बीच शहर की गलियां, बाजार और घर दीपों की जगमग रोशनी से नहाने की तैयारी कर चुके हैं। चारों ओर उल्लास का माहौल है। पुलिस और प्रशासन की टीमें सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद हैं ताकि त्योहार का उत्सव शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जा सके।

धन्वंतरी और लक्ष्मी पूजन कर सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय दीपोत्सव के पहले दिन शनिवार को धनतेरस पर विशेष पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। पंडित परमेश्वर चैबीसा के साधनाध्य में कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, कुलाधिपति और कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर ने विधिवत रूप से भगवान धन्वंतरी और देवी लक्ष्मी की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर देश में अमन-चैन, सुख-शांति और समृद्धि की कामना की गई। प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि धन्वंतरी की पूजा के साथ ही पांच दिवसीय दीपोत्सव का शुभारंभ हो गया। उन्होंने कहा कि प्राचीन पौराणिक साहित्य में वर्णित है कि देवासुर संग्राम और समुद्र मंथन के समय 14 रत्न प्रकट हुए, जिनमें से एक भगवान धन्वंतरी थे, जिनके हाथ में अमृत कलश था। इसलिए उन्हें आयुर्वेद का आदि प्रवर्तक माना जाता है और इस दिन को आयुर्वेद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि धन्वंतरी के ग्रंथों की पूजा और स्मरण मात्र से समस्त रोगों का नाश होता है और स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। विश्वविद्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इसमें रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, डॉ. कला मुणेत, डॉ. चन्द्रेश छतलानी, निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत, प्रवीण गुर्जर, भगवती लाल श्रीमाली, रजनी पी., डॉ. यज्ञ आमेटा, मुर्तजा अली, प्रताप सिंह सिसोदिया, उदयभा सिंह, डॉ. सपना श्रीमाली, डॉ. जयसिंह जोधा, कालु सिंह, विकास डांगी, सिद्वार्थ सहित कई अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी ने देवी लक्ष्मी और भगवान धन्वंतरी की विधिवत पूजा की और सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली की प्रार्थना की।

छोटी नसिया पर भक्तामर दीपार्चना



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर के आसपुर रोड स्थित आचार्य शांतिसागर महाराज छाणी की समाधि स्थली छोटी नसिया पर शनिवार को प्रातः सकल दिगम्बर जैन समाज सागवाड़ा के संयोजन में आर्यिका विचित्रा श्री माताजी के अग्नि संस्कार स्थल पर समाधि का एक माह पूर्ण होने पर नव निर्मित चबूतरे पर खोडनिया परिवार की ओर से प्रतिष्ठाचार्य पंडित विनोद उर्फ विरल पगारिया के तत्वावधान में समाजजनों द्वारा भक्तामर दीपार्चना की गई। ट्रस्टी अश्विन बोबड़ा ने बताया कि इस अवसर पर प्रातः छोटी नसिया पर प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान, शांतिनाथ भगवान, चौबीस भगवान, आचार्य शांतिसागर महाराज छाणी तथा आर्यिका विचित्रा श्री माताजी को अष्ट द्रव्य युक्त अर्घ समर्पित किए गए। इसके बाद उपस्थित समाजजनों द्वारा समाधि चबूतरे की चारों दिशाओं में आचार्य मानतुंग रचित भक्तामर स्तोत्र के 48 काव्य का उच्चारण किया और 48 दीप प्रज्वलित किए गए। कार्यक्रम के अंत में णमोकार महामंत्र उच्चारण के साथ योगिन्द्रागिरी के मूलनायक आदिनाथ भगवान की आरती उतारी गई। इस अवसर पर सेठ महेश नोगमिया, ट्रस्टी संतोष खोडनिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोड़निया, पवन कुमार गोवाडिया, डॉ. विपिन शाह, भावेश गांधी, नटवर लाल गलालिया, केसरीमल शाह, जयन्ति लाल सारगिया, अशोक शाह, गजेन्द्र गोवाडिया, प्रतीक शाह, राजेन्द्र डेचिया, चेतन दोसी, निलेश मुंशी, विनय सेठ, हितेन्द्र शाह, हिमांशु हिरेन खोडनिया, साधना कोठारी, पूजा पगारिया, रेखा पंचोरी, दीपिका शाह, नयना सारगिया, उषा, निर्मला, अरुणा खोडनिया, लीना सारगिया समेत अनेक समाजजन उपस्थित थे।

फतहसागर में डूबी युवती की हुई पहचानः मावली की रहने वाली छात्रा, कर रही थी एमबीए



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। झीलों की नगरी उदयपुर की फतहसागर झील में शुक्रवार सुबह मिली युवती की लाश की शनिवार को पहचान हो गई। मृतका मावली निवासी भारती तेली (25) बताई गई है, जो एमबीए की छात्रा थी। पुलिस के अनुसार, भारती ने झील में कूदकर आत्महत्या की। अंबामाता थाना पुलिस ने बताया कि भारती 15 अक्टूबर को घर से यह कहकर निकली थी कि उसे कॉलेज के लिए कुछ किताबें खरीदनी हैं। दोपहर बाद उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया और रात तक घर नहीं लौटी। चिंतित परिजनों ने मावली थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। इसके दो दिन बाद, 17 अक्टूबर की सुबह करीब 6 बजे फतहसागर झील के मोती मगरी छोर पर मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों ने पानी में एक युवती का शव तैरता देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस और सिविल डिफेंस टीम ने शव को बाहर निकाला। पहले शव की पहचान नहीं हो पाई थी। इसके बाद पुलिस ने सोशल मीडिया पर मृतका की तस्वीर और विवरण साझा किए, ताकि पहचान हो सके। पोस्ट सोशल मीडिया पर फैलने के बाद परिजनों ने तस्वीर देख युवती की पहचान की और अंबामाता थाना पुलिस से संपर्क किया। जांच में पता चला कि भारती की हाल ही में सगाई हुई थी और कुछ महीनों में उसकी शादी तय थी। हालांकि आत्महत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि अभी जांच जारी है और परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि यह कदम किसी व्यक्तिगत तनाव, मानसिक दबाव या अन्य कारण से उठाया गया।

डॉ. प्रताप सिंह बने महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के कुलपति



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान के राज्यपाल एवं महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने डॉ. प्रताप सिंह को विश्वविद्यालय का नया कुलगुरु (कुलपति) नियुक्त किया है। राज्यपाल ने यह नियुक्ति विश्वविद्यालय अधिनियम 2000 (यथा संशोधित) की धारा 24 (3) एवं (7) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए की। डॉ. सिंह वर्तमान में कृषि विश्वविद्यालय, कोटा में निदेशक (विस्तार) के पद पर कार्यरत थे। आदेश के अनुसार, डॉ. प्रताप सिंह कार्यभार संभालने की तिथि से तीन वर्ष या 70 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक, इनमें से जो भी पहले हो, कुलपति पद पर बने रहेंगे। यह नियुक्ति सक्षम प्राधिकारी द्वारा सतर्कता अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए जाने पर प्रभावी होगी।

डॉ. सिंह का शैक्षणिक और व्यावसायिक सफरः डॉ. सिंह ने स्नातक की डिग्री कृषि महाविद्यालय, जोबनेर (राज. कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर) से प्राप्त की। उन्होंने पीएचडी (एग्रोनॉमी) कृषि महाविद्यालय, उदयपुर से और ग्रामीण विकास में डिप्लोमा (1995) इग्नू, नई दिल्ली से प्राप्त किया।

कैरियरः जून 1992 में तिलम संघ, कोटा (सहकारिता विभाग) में सहकारी सहायक के रूप में करियर की शुरुआत। मई 1996 में एआरएस, कोटा में सोयाबीन पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना में सहायक आचार्य (शस्य विज्ञान)।

बाद में जल प्रबंधन पर एआईसीआरपी, एआरएस, कोटा में एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर। 26 फरवरी 2016 से अगस्त 2024 तक कृषि विश्वविद्यालय, कोटा में निदेशक अनुसंधान और 6 अगस्त 2024 से निदेशक, प्रसार शिक्षा का कार्यभार सभाला।

अनुसंधान और योगदानः सोयाबीन और जल प्रबंधन प्रौद्योगिकियों में 21 तकनीकें विकसित, शाकनाशी सहित विभिन्न उत्पादन प्रौद्योगिकियों की सिफारिश।

90+ शोध पत्र, 9 तकनीकी बुलेटिन, 1 पुस्तक अध्याय, कई प्रशिक्षण सामग्रियां और सफलता कहानियां प्रकाशित।

विभिन्न पेशेवर सोसाइटीज के सदस्य और भारतीय खरपतवार विज्ञान सोसाइटी के पार्षद।

अगस्त 1999 में अमेरिका (शिकागो) का शोध दौरा।

जल संसाधन मंत्रालय और विश्व बैंक की परियोजनाओं में नेतृत्व और प्रशिक्षण। कृषि में विशिष्ट योगदान के लिए अगस्त 2011 में माननीय कृषि राज्य मंत्री द्वारा सम्मानित।

प्रो. सोडानी राज्यपाल के सलाहकार नियुक्त



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, नैक मूल्यांकन, शोध क्षेत्र एवं राजस्थान में उच्च शिक्षा के समग्र एवं व्यापक विकास के परिप्रेक्ष्य में राजस्थान के राज्यपाल महामहिम हरिभाऊ बागडे ने शिक्षाविद् प्रो. कैलाश सोडानी के व्यापक अनुभव को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें अपना सलाहकार (उच्च शिक्षा) नियुक्त किया है। प्रो. कैलाश सोडानी की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि एवं नियुक्ति से नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन व शोध क्षेत्र में निश्चित रूप से बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। प्रो. कैलाश सोडानी सदैव नवाचार के लिए कृत संकल्पित रहे हैं। उन्होंने इस विषय पर कई संगोष्ठियों का आयोजन किया गया और इस विषय से संदर्भित पुस्तक का संपादन और लेखन कार्य भी किया गया है। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में अपनी सेवाएं देने के साथ ही उन्होंने महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर, गोविन्दगुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा और वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा के कुलगुरु के गरिमामय पद का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली, पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, पंजाब और अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रबंध मंडल में राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत सदस्य रहे हैं।

जैन जागृति सेन्टर उदयपुर ने संपोषण योजना योजना के तहत बांटी खुशियां



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 18 अक्टूबर। सामाजिक संस्था जैन जागृति सेंटर उदयपुर (जेजेसी) की ओर से संस्थापक अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत के निर्देशन में दीपावली पर्व पर संपोषण योजना के तहत जैन समाज के 45 ऐसे परिवार जो असक्षम है उन परिवारों को दिवाली की खुशियों के तहत मिठाई, नमकीन एवं दीपक वितरित कर दीपावली की खुशियां मनाई। इस अवसर पर फत्तावत ने बताया कि जेजेसी द्वारा सामाजिक संवेदना का एक अनुपम उपक्रम संपोषण योजना चल रही है। कोई भी साधर्मिक बधू असक्षमता की वजह से जीवन निर्वाह नहीं कर पा रहा है उनको सम्मान के साथ सहयोग किया जा रहा है। मानवीय पहल से लाभार्थी परिवारों के बीच दीपावली का उत्साह व उल्लास और भी बढ़ गया। धनतेरस के मौके पर संस्थापक अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत, जेजेसी अध्यक्ष अरूण मेहता, कार्यकारी अध्यक्ष नितिन लोढ़ा, महामंत्री ललित कोठारी, राकेश नन्दावत, दिलीप कावडिया ने लाभार्थियों के घर-घर जाकर उनकी कुशक्षेम पुछते हुए दीपावली की मिठाई व दीपक वितरित किए।

जयपुर में 43 लाख के नकली नोट पकड़े : सिक्योरिटी फीचर देख चौंक गई एसओजी टीम, 1 लाख के बदले 4 लाख के नकली दे रहे थे



24 न्यूज अपडेट

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने जयपुर में 43 लाख रुपए के नकली नोट पकड़े। एसओजी ने 2 बदमाशों को अरेस्ट किया है। एसओजी की टीम इस गैंग पर पिछले 15 दिन से काम कर रही थी। कार्रवाई नारायण विहार इलाके में शुक्रवार देर रात 12 बजे हुई। चौंकाने वाली बात यह है कि नकली नोटों पर वाटर मार्क और सिक्योरिटी फीचर उभरा हुआ दिखाई दे रहा है।

एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया- त्योहार पर नकली नोट का चलन अधिक रहता है। इसलिए टीमें बदमाशों पर नजर बनाए हुई थी। टीम को जानकारी मिली की नकली नोटों की एक बड़ी खेप जयपुर में सप्लाई हुई है। इसके बाद टीम ने लोकेशन निकाली और मौके पर पहुंची। हमारी टीम ने नारायण विहार थाना पुलिस के साथ मिलकर बदमाशों को फ्लैट से पकड़ा और नकली नोट रिकवर किए। आगे की कार्रवाई साउथ जिला पुलिस की ओर से की जा रही है।

500 के नोट पर वाटर मार्क और सिक्योरिटी फीचर मिले

रिकवर किए गए 43 लाख रुपए में 26 लाख के नोटों की गड्डी मिली है। वहीं, 18 लाख रुपए के नोट की शीट मिली है। इस शीट की अभी तक कटिंग नहीं की गई। संभावना जताई जा रही है कि यह नोट की शीट बाहरी से जयपुर आई है। जयपुर से इन नोटों को अलग-अलग जगहों पर बांटना था।

एक लाख के बदले मिल रहे थे 4 लाख के नकली नोट

जानकारी में सामने आया है कि एक लाख रुपए के असली नोट के बदले 4 लाख रुपए के नकली नोट मिल रहे थे। बीकानेर का एक बदमाश इन नोटों की डील करने वाला था। पकड़े गए बदमाशों से मिली जानकारी के बाद पुलिस टीमें अलग-अलग जगहों पर रेड कर रही है।

चूरू में पकड़े गए थे 3 करोड़ के नकली नोट

17 अक्टूबर को चूरू की कोतवाली पुलिस ने नेशनल हाईवे-52 पर आदित्य होटल के पास कार्रवाई कर 3 करोड़ के नकली नोटों के साथ अंतरराज्यीय गिरोह के 7 बदमाशों को पकड़ा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 कार और 2 लाख रुपए नकद भी बरामद किए थे।

धनतेरस पर भी खाउंगा : एसीबी ने बारां नगर परिषद कमिश्नर और सहायक अग्निशमन अधिकारी को रंगे हाथों धरा



24 न्यूज अपडेट

बारां/कोटा। धनतेरस के दिन भी भ्रष्टाचार की भूख कम नहीं हुई। खाउंगा व खाने भी दूंगा का मंत्र जारी रहा। कोटा एसीबी की टीम ने बारां नगर परिषद के कमिश्नर मोतीशंकर नागर और सहायक अग्निशमन अधिकारी ओवेश शेख को ढाई लाख रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। आरोपियों ने व्यापारी को परेशान न करने के एवज में कुल 5 लाख रुपए रिश्वत मांगी थी। एडीजी स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि 9 अक्टूबर को व्यापारी ने शिकायत दी थी कि दोनों अधिकारियों ने उसे परेशान न करने के लिए 5 लाख रुपए की मांग की। शिकायत का सत्यापन 15 और 17 अक्टूबर को किया गया। इसके बाद 18 अक्टूबर सुबह करीब 10 बजे आरोपियों से व्यापारी की बैठक करवाई गई। एसीबी टीम ने ट्रैप के दौरान सहायक अग्निशमन अधिकारी ओवेश शेख को 2.5 लाख रुपए स्कूटी की डिक्की में रखने से पहले गिरफ्तार किया। इसके बाद नगर परिषद कमिश्नर मोतीशंकर नागर को उनके सरकारी आवास से हिरासत में लिया गया। दोनों आरोपियों को बारां एसीबी ऑफिस में पूछताछ के बाद हिरासत में रखा गया। आगे जांच में उनके आवास और फायर ऑफिसर के मकान में भी तलाशी ली जाएगी। एसीबी कोटा क्वैच् ताराचंद ने बताया कि मोतीशंकर नागर चार महीने पहले बारां नगर परिषद में तैनात हुए थे। यह कार्रवाई पिछले 24 घंटों में एसीबी की दूसरी बड़ी कार्रवाई है। एक दिन पहले ही होमगार्ड और प्लाटून कमांडर को ड्यूटी देने के एवज में रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया था। एसीबी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

कानून का नव विधानः जयपुर में पुलिस की हाई-टेक प्रदर्शनी अब 19 व 21 अक्टूबर को खुली रहेगी



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 18 अक्टूबर। देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में क्रान्तिकारी बदलाव लाने वाले नवीन आपराधिक कानूनों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए राजस्थान पुलिस द्वारा आयोजित भव्य प्रदर्शनी ने जनता का दिल जीत लिया है। नव विधानः न्याय की नई पहचान थीम पर आधारित यह प्रदर्शनी जेईसीसी, सीतापुरा में चल रही है।

13 अक्टूबर को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा उद्घाटित इस प्रदर्शनी को आमजन का इतना भारी रुझान मिला कि इसकी अवधि को बढ़ाना पड़ा। यह प्रदर्शनी अब 19 व 21 अक्टूबर 2025 को प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुली रहेगी।

प्रदर्शनी में आने वाले आगंतुकों को कानून और पुलिसिंग के नए स्वरूप को इंटरैक्टिव तरीके से जानने का मौका मिल रहा है। मुख्य आकर्षणों की भरमार प्रदर्शनी के प्रमुख आकर्षण इस प्रकार हैं:

1. नवीन कानूनों की प्रदर्शनीः प्रदर्शनी स्थल को 9 जोन में विभाजित किया गया है, जो नए कानूनी प्रावधानों को विस्तार से समझाते हैं।
2. नाट्य रूपांतरणः यह कानून को समझने का एक रचनात्मक तरीका प्रस्तुत करता है।
3. वेपन फायरिंग सिमुलेटरः आगंतुकों को असली हथियारों का अनुभव प्रदान किया जा रहा है।
4. ड्राइविंग सिमुलेटरः यह सुरक्षित और स्मार्ट ड्राइविंग का अनुभव कराता है।
5. महिला सशक्तिकरणः प्रदर्शनी में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के बारे में जानकारी दी जा रही है।
6. अन्य आकर्षणः इसमें पुराने और नए हथियारों की ऐतिहासिक फोटो गैलरी, इंटरैक्टिव क्विज (प्रमाणपत्र जीतने का मौका), और यादगार पलों को कैद करने के लिए सेल्फी पॉइंट्स भी शामिल हैं।

यह प्रदर्शनी आम जनता को कानून का नया स्वरूप और न्याय की नई दिशा अनुभव करने का शानदार अवसर प्रदान करती है। राजस्थान पुलिस, सेवा, संवेदना और समर्पण के साथ सभी नागरिकों से इसमें भाग लेने का आह्वान करती है।

राजा भैया ने खरीदी 4-सीटर Lexus LM350h अल्ट्रा लग्जरी कार



24 न्यूज अपडेट

लखनऊ/प्रतापगढ़। बाहुबली नेता रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने हाल ही में 4-सीटर Lexus LM350h अल्ट्रा लग्जरी कार खरीदी है। यह गाड़ी 16 अक्टूबर को खरीदी गई और इसकी एक्स-शोरूम कीमत 2.69 करोड़ है। वहीं, 7-सीटर VIP वेरिएंट की कीमत 2.15 करोड़ से शुरू होती है। राजा भैया हमेशा से लग्जरी गाड़ियों के शौकीन रहे हैं। उनके काफिले में टोयोटा लैंड क्रूजर, लैंड रोवर डिफेंडर, मर्सिडीज, फॉरच्यूनर और जीप रैंगलर जैसी गाड़ियां शामिल हैं। उनके वाहन हमेशा 0001 नंबर वाले होते हैं, जिससे लोग पहचान सकते हैं कि यह गाड़ी राजा भैया की है। नई Lexus LM350h में कई बेहतरीन फीचर्स दिए गए हैं। इसमें E20-अनुरूप इंजन, रियर कंसोल पर पावर स्लाइडिंग डोर स्विच, ऑटो-डिमिंग ORVM, 14 इंच का फ्रंट इंफोटेनमेंट सिस्टम, एपल कार प्ले और एंड्रॉइड ऑटो की सुविधा है। रियर में 48 इंच का डिस्प्ले और 23 स्पीकर ऑडियो सिस्टम मौजूद है। इसके अलावा इसमें फोल्डेबल टेबल, वैनिटी मिरर और छोटा फ्रिज भी है। राजा भैया के पास पहले से ही रेंज रोवर ऑटोबायोग्राफी (2023) और रेंज रोवर डिफेंडर (2020) जैसी गाड़ियां हैं। उनकी सभी गाड़ियां हाई-एंड फीचर्स वाली हैं और किसी भी मार्ग पर चलाने योग्य ऑल-टेरेन व्हीकल हैं। परिवार ने नई गाड़ी का स्वागत भी किया। राजा भैया के बेटे शिवराज सिंह ने माला चढ़ाकर गाड़ी का स्वागत किया। राजा भैया का लग्जरी और शौक हमेशा चर्चा में रहता है, चाहे गाड़ियां हों या उनके वाहन का नंबर। हालांकि, हाल ही में उनकी पत्नी भानवी सिंह ने राजा भैया पर अवैध हथियार रखने के आरोप लगाए थे। इस वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा करने के बाद मामले ने सुर्खियां बटोरी थीं। राजा भैया के करीबी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह ने इसे फेक और बेबुनियाद बताया था।

जानलेवा फायरिंगः चूरू पुलिस का 2 घंटे में एक्शन



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 18 अक्टूबर। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देश पर तारानगर पुलिस ने घर पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को मात्र दो घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी यादव ने बताया कि शनिवार 18 अक्टूबर की सुबह करीब 11:00 बजे थाना तारानगर को सूचना मिली कि ओजरिया निवासी महावीर झाझड़िया के घर पर फायरिंग हुई है। सूचना मिलते ही थानाधिकारी सतवीर मीणा मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और परिवादी की लिखित रिपोर्ट पर तत्काल मुकदमा दर्ज किया गया। महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर रेंज द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल और वृत्ताधिकारी तारानगर रोहित सांखला के निकट सुपरविजन में विशेष टीम का गठन किया गया।

थानाधिकारी तारानगर सतवीर मीणा के नेतृत्व में टीम ने तकनीकी और आसूचना का समन्वय बिठाते हुए घटना की सूचना मिलने के महज दो घंटे के भीतर फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को दस्तयाब कर लिया। पूछताछ के बाद ओजरिया निवासी आरोपी राजेश उर्फ छोटिया (25) पुत्र रामसिंह और सतीश कुमार (22) पुत्र फुलाराम को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी पूर्व में भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं। गिरफ्तारी के बाद अग्रिम अनुसंधान जारी है, जिसमें फायरिंग के उद्देश्य और इस्तेमाल किए गए हथियार की जानकारी जुटाई जाएगी।

फर्जी पुलिस बनकर अपहरण करने वाली गैंग का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 18 अक्टूबर। अलवर जिले में संगठित अपराधों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत थाना गोविंदगढ़ पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर लोगों का अपहरण करता था और फिरौती वसूलता था। इस मामले में पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. प्रियंका, वृत्ताधिकारी कैलाश जिंदल के सुपरविजन और एसएचओ बने सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने इस गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की।

घटना के संबंध में फरियादी साजिद निवासी धांधोली ने इस्तगासे के माध्यम से रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 28 जून को चार-पाँच व्यक्ति लाल बत्ती लगी गाड़ी लेकर उसकी ई-मित्र की दुकान पर आए। उन्होंने खुद को हरियाणा पुलिस बताया और उसका अपहरण कर लिया और दुकान से नकदी, मोबाइल और कंप्यूटर जैसे सामान भी लूट लिए।

अपहृत व्यक्ति के परिजनों ने आरोपी असलूप उर्फ काला निवासी धांधोली और साजिद उर्फ काला निवासी हुसैपुर को 4 लाख की फिरौती की राशि दी, जिसके बाद साजिद को छोड़ा गया।

तकनीकी सहायता और आसूचना संकलन के आधार पर थाना गोविंदगढ़ पुलिस की टीम ने शनिवार 18 अक्टूबर को दो आरोपियों को साजिद उर्फ काला मेव पुत्र इन्नस खान (32) निवासी हुसैपुर थाना सीकरी जिला डीग और निरजू गुर्जर पुत्र वासुदेव (34) निवासी कनवाडा थाना कामां जिला डीग को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है और इनसे पूछताछ जारी है ताकि जिले में हुई ऐसी अन्य वारदातों का खुलासा हो सके। इस कार्रवाई में एएसआई हीरू लाल, कांस्टेबल धीरेंद्र सिंह, श्रीनाथ, बृजेश कुमार, राजवीर और मोहम्मद शरीफ भी शामिल थे।

अनन्ता हॉस्पिटल
एक विश्वास बेहतर ज़िंदगी का
स्वास्थ्य है तो ख़ुशियाँ है
ख़ुशियाँ है तो दिवाली है
NABH H-2023-1278
NABL – Accreditation for Molecular Lab. MC-3464

सुपरस्पेशियलिटी एवं मल्टी स्पेशलिटी सेवाएँ एक छत के नीचे

- अनन्ता न्यूरोसाईंसेज़ सेंटर (मस्तिष्क, तंत्रिका तंत्र व रीढ़ की हड्डी के सभी रोगों का उपचार एवं शल्य चिकित्सा)
- अनन्ता कार्डियक सेंटर (हृदय रोग व हृदय शल्य चिकित्सा)
- अनन्ता कैन्सर सेंटर (कैंसर के उपचार की व्यापक सुविधा-मेडिकल, सर्जिकल व रेडियेशन ऑन्कोलोजी)
- अनन्ता यूरो व किडनी सेंटर (मूत्र व किडनी रोगों का उपचार एवं शल्य चिकित्सा)
- अनन्ता गेस्ट्रोएंटेरोलोजी व जीआई सर्जरी (पेट, आँत व लिवर के रोगों का उपचार व शल्य चिकित्सा)
- अनन्ता प्लास्टिक सर्जरी व बर्न (दुर्घटना में अंग-भंग व जन्मजात विकृति और जलने का उपचार एवं शल्य चिकित्सा)
- जनरल मेडिसिन
- जनरल व मिनिमली इंवेसिव (दूरबीन द्वारा) सर्जरी
- प्रसूति व स्त्री रोग
- मनोरोग व नशामुक्ति
- श्वास व दमा रोग
- अस्थि (हड्डी) रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण
- बाल एवं शिशु रोग
- नाक, कान व गला रोग
- चर्म व गुप्त रोग
- नेत्र रोग
- दंत रोग
- फ़िज़ियोथेरेपी

दक्षिणी राजस्थान में कैंसर की जांच हेतु पैट सीटी स्केन व गामा कैमरा एवं अत्याधुनिक रेडियेशन थेरेपी मशीन से युक्त केन्द्र

आपात स्थिति के लिए विश्वस्तरीय गहन चिकित्सा ईकाई जिसके अंतगर्त मेडिकल आईसीयू, सर्जिकल आईसीयू, रेस्पीरेटरी आईसीयू, न्यूरो आईसीयू, बर्न आईसीयू, कार्डियक आईसीयू, सीटीवीएस आईसीयू, एनआईसीयू व पीआईसीयू की सुविधा

त्वरित एवं सटीक जाँच के लिए एमआरआई (1.5 टेस्ला), सीटी स्कैन, 4D कलर डॉपलर इत्यादि डायग्नोस्टिक इमेजिंग तकनीक उपलब्ध




अनन्ता हॉस्पिटल अधिकृत है

● मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (MAA-Yojana) ● राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना (RGHS) ● प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY) ● कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) ● भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ECHS) ● महत्वपूर्ण टीपीए व इन्श्योरेंस

अनन्ता हिल्स, नेशनल हाईवे 8, तह. नाथद्वारा, जिला राजसमन्द - 313202 | 9772278615 / 9783305039 / 9783305082 / 9772278635

NATIVE ADVERTISING FOR E-COMMERCE



24 न्यूज़ अपडेट से मुझे मिले बढ़िया ग्राहक

24 न्यूज़ अपडेट पर ऐड बुक करें

घर बैठे ऐड बुकिंग, आसान ऑनलाइन पेमेंट | कॉल : 8696666200

धनतेरस पर उदयपुर के बाजारों में रौनक, चांदी की चमक और दीयों की जगमगाहट से खिला शहर



24 न्यूज अपडेट

झीलों की नगरी उदयपुर आज धनतेरस के साथ ही त्योहारी रंग में रंग चुका है। शहर के बापू बाजार, धानमंडी, अश्विनी बाजार, भट्टियानी चौहट्टा, हाथीपोल, सूरजपोल और दिल्ली गेट से लेकर चेतक सर्कल, बडगांव रोड, हिरणमगरी के सभी सेक्टर्स सहित हर बाजार में सुबह से ही खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है। दीपमालिकाओं के तीनों पर्व धनतेरस, छोटी दिवाली और दीपावली की तैयारियों ने पूरे शहर को उल्लास और उमंग से भर दिया है। आज धनतेरस पर ज्वेलरी शोरूम, बर्तन की दुकानें और इलेक्ट्रॉनिक शॉप्स पर ग्राहकों की लाइनें लगी हैं। चांदी के सिक्कों और लक्ष्मी-गणेश प्रतिमाओं की मांग इस बार सबसे अधिक देखी जा रही है। चांदी के भाव बढ़ने के बावजूद खरीददारों का जोश देखते ही बनता है। ज्वेलरी दुकानों पर पारंपरिक गहनों के साथ चांदी पर गोल्ड पॉलिश वाले आभूषण भी खूब बिक रहे हैं। धनतेरस पर उदयपुर के बाजारों को रंगीन लाइटों, फूलों और सजावटी झंडियों से सजाया गया है। हाथीपोल और बापू बाजार में दुकानदारों ने छतरियों, रंगीन झालरों और दीयों की सजावट से पूरा इलाका दुल्हन की तरह सजा दिया है। सूरजपोल और चेतक सर्कल पर भी इस बार भव्य सजावट हुई है। जिला प्रशासन की ओर से सजावट प्रतियोगिता के चलते इस बार शहर में जगह जगह रास्तों को सजाने की व्यापार मंडलों में होड़ मची हुई है। जिला प्रशासन ने भी अपने स्तर पर रोशनी करवाई है। इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूमों पर टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन और मोबाइल की जबरदस्त बिक्री हो रही है। देहलीगेट से आगे तो आज इतनी भीड़ है कि पांव धरने की जगह तक नहीं बची है। मंडी में सबसे खास ग्राहकी ग्रामीण इलाकों की है जिसमें लोग दीपोत्सव की जमकर खरीददारी कर रहे हैं। इधर, शहर के टू-व्हीलर शोरूमों में बाइक और स्कूटर की डिलीवरी के लिए ग्राहकों की भीड़ लगी है। त्योहार की शुरुआत भगवान धन्वंतरि की पूजा और दीपदान के साथ हुई। शनिवार शाम लक्ष्मी पूजन के लिए घरों और बाजारों में दीयों की जगमगाहट से पूरा उदयपुर रोशनी में नहाया हुआ रहेगा।

धनतेरस पर लाडले लाल प्रभु का शानदार स्वागत, 350 साल पुराने निज मंदिर का जीर्णोद्धार पूरा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 18 अक्टूबर। पुष्टिमार्गीय प्रधान पीठ श्रीनाथजी की हवेली में धनतेरस के पावन अवसर पर लाडले लाल प्रभु अपने नये जीर्णोद्धारित निज मंदिर में पुनः विराजने जा रहे हैं। तिलकायत एवं तिलकायत पुत्र विशाल बावा और श्रीलाल बावा के मार्गदर्शन में रविवार, 19 अक्टूबर को त्रयोदशी तिथि पर प्रभु का पुनः पधराव होगा। 350 साल पुराने इस मंदिर का जीर्णोद्धार पिछले वर्ष से चल रहा था और अब यह कार्य पूर्ण हो चुका है। नया मंदिर मेवाड़ शैली में तैयार किया गया है, जिसमें राजसमंद के आगरिया खनन क्षेत्र का सफेद संगमरमर उपयोग किया गया है। मंदिर में नक्काशीदार झरोखे, जालियां, तोड़ियां, बेल-बूटे और मंगल प्रतीक उकेरे गए हैं। दीवारें बिना सीमेंट के ठोस संगमरमर ब्लॉकों से बनी हैं, जिन्हें तांबे की रॉड और सीसे के माध्यम से जोड़ा गया है। धनतेरस से एक दिन पहले द्वादशी तिथि पर विशाल बावा और दीक्षिता बहू ने श्रीलाल बावा और आराधिका बेटी के साथ लालन चौक में कलश पूजन और वास्तु पूजन किया। वेदाचार्यों ने वेदोक्त पाठ, स्वस्ति वाचन और शुद्धिकरण किया। इस अवसर पर मंदिर अधिकारी, सेवकगण और वैष्णव भक्तजन उपस्थित रहे। धनतेरस के दिन लाडले लाल प्रभु नये मंदिर में ठाठ-बाट के साथ विराजेंगे और राजभोग दर्शन करेंगे। स्थानीय मान्यता है कि जहाँ लाडले लाल प्रभु विराजते हैं, वहां आनंद, समृद्धि और सुख-शांति का वास होता है।

ऑब्जर्वर देसाई ने गुटबाजी को लेकर खुले मंच से लगाई फटकार, कहा - आपकी नेगेटिव रिपोर्ट जाएगी

24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। कांग्रेस पार्टी में लंबे समय से गुटबाजी की शिकार कांग्रेस पार्टी के संगठन सर्जन अभियान के तहत जिला अध्यक्ष के नाम पर कोई विवाद न हो, इसलिए पार्टी के वरिष्ठ नेता ताराचंद भगोरा ने जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं को अपने घर बुलाया। जिले के सारे नेता, आपसी मन-मुटाव को भूलकर, लंबे समय से भगोरा के घर नहीं जाते थे, वे भी उनके निवास पहुंचे। दो घंटों की कश्मकश के बाद सबने पार्टी को मजबूती देने एक राय बनाते हुए प्रेम कुमार पाटीदार का नाम तय किया और सबको क़सम खिलाई कि आज के बाद कोई भी गुटबाजी नहीं करेगा। हर कोई एक-दूसरे के यहाँ जाएगा और सभी प्रोग्राम में शामिल होंगे तथा पार्टी की एकता का संदेश आम कार्यकर्ता तक पहुंचेगा। लेकिन फिर भी गुटबाजी सामने आई। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष धीरज जेठाना ने बताया कि पार्टी के चार ऑब्जर्वर बिछिवाड़ा, डूंगरपुर, पुनाली और आसपुर तक आए। कहीं कोई गुटबाजी नहीं हुई; सब गुट के नेता एकजुट होकर अपनी राय रखी। लेकिन सागवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में आते ही गुटबाजी उजागर हो गई। सागवाड़ा-गलियाकोट ब्लॉक के दोनों अध्यक्ष और नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी निर्देश पर मीटिंग रखी। लेकिन पार्टी में हमेशा दरार पैदा करने वाले तीन-चार असंतुष्टों ने अपनी मीटिंग अलग रखी। पूर्व विधायक बामणिया गुट ने अपनी मीटिंग एक निजी रिसोर्ट के हाल में रखी, जिसमें कांग्रेस के मात्र आठ-दस लोग और तीस-चालीस लोग एक ही जाति विशेष के थे। ऑब्जर्वर लालाजी भाई देसाई ने माइक लेकर कहा कि प्रेम कुमार ये गुटबाजी खत्म करने ही हमको राहुल गांधी ने यहां भेजा है। उन्होंने पंद्रह मिनट में औपचारिकता कर मीटिंग समाप्त की, जबकि कांग्रेस कार्यालय में आयोजित मीटिंग में ढाई घंटे तक हर कार्यकर्ता की बात सुनी गई।

यूआईटी आवासीय योजना की लॉटरी निरस्त करने की मांग



24 न्यूज अपडेट

यूआईटी द्वारा गुरुवार को निकाली गई लॉटरी में हुई गड़बड़ियों के विरोध में आज भीलवाड़ा जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर आवेदकों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया।प्रदर्शन के बाद उन्होंने जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।जिसमें उन्होंने न्यास द्वारा निकाली गई ई - लॉटरी में धांधली का आरोप लगाते हुए इसे निरस्त करने और इस पूरे मामले में जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

लिस्ट की केटेगरी तय नहीं

आवेदनकर्ता शंकर ने बताया की नगर विकास न्यास ने गुरुवार को आवासीय योजना की ई-लॉटरी निकाली गई है। करीब 5 से 6 महीने पहले फॉर्म भरे गए थे। फॉर्म ऑफलाइन भरे गए जबकि लॉटरी ऑनलाइन निकाली ओर इसमें काफी गड़बड़ियां हुई है।यूआईटी द्वारा कैटिगरी वाइज लिस्ट नहीं डाली गई। जो लिस्ट डाली है, उसमें भी एक नाम दो-दो बार दिखाई दे रहा है जिससे साफ दिख रहा है कि इसमें घोटाला हुआ है।सबसे बड़ी बात लॉटरी के जो प्रभारी है रवि श्रीवास्तव उनकी पत्नी और इसके साथी यूआईटी के ऐसे 10 कर्मचारी हैं जिनके नाम से या उनके रिश्तेदारों के नाम से यह लॉटरी निकाली गई है।

इसके अलावा लॉटरी में कई खामियां भी पाई गई है। जैसे एक्स सर्विसमैन कोटे में हूं तो मेरी कैटेगरी का10 प्रतिशत बनता है।

इसमें 3081 भूखंडों की यूआईटी द्वारा लॉटरी निकाली गई। इसके हिसाब से 3307 भूखंड बनते हैं। जबकि इन्होंने 264 निकले हैं और इसमें भी कई लोग तो ऐसे हैं जो एक्स सर्विसमैन ही नहीं है। हम चाहते हैं कि यह जो लॉटरी निकाली गई है इसे निरस्त किया जाए और दोबारा इसे शुरू से किया जाए इसके अलावा जो दोषी कर्मचारी है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए और एक कमेटी बैठाई जाए जो इस पूरे मामले में जांच करें।

40 वर्षों के इंतज़ार का अंत अब मिला अपने घर का कानूनी हक



24 न्यूज अपडेट

राज्य सरकार द्वारा आमजन को शासन की योजनाओं का लाभ स्थल पर ही उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित "ग्रामीण सेवा शिविर 2025" न केवल प्रशासनिक पहुँच का उदाहरण बना, बल्कि वर्षों से अधूरी उम्मीदों को साकार करने का माध्यम भी साबित हुआ। ऐसे ही दो उदाहरण ग्राम पंचायत फाचर अहिरान और ग्राम पंचायत मांगरोल के हैं, जहाँ दशकों से अपने मकान में निवासरत परिवारों को आखिरकार भूमि स्वामित्व का अधिकार प्राप्त हुआ।फाचर अहिरान की लालीबाई को मिला 40 साल बाद पट्टा निम्बाहेड़ा उपखण्ड की ग्राम पंचायत फाचर अहिरान निवासी श्रीमती लालीबाई पत्नी गुड्डू भील पिछले चार दशकों से अपने पुश्तैनी मकान में रह रही थीं। भूमि का स्वामित्व दस्तावेज न होने से वे वर्षों से आवासीय पट्टा प्राप्त नहीं कर पा रही थीं। जब उन्हें "ग्रामीण सेवा शिविर" की जानकारी मिली, तो उन्होंने शुक्रवार 17 अक्टूबर को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम पंचायत द्वारा संवेदनशीलता और तत्परता दिखाते हुए आवश्यक कार्यवाही की गई और शिविर के दौरान ही उन्हें उनके आवासीय मकान का वैध पट्टा विधायक श्रीचंद कृपलानी, जिला प्रमुख गब्बर अहीर, उपखण्ड अधिकार विकास पंचोली एवं विकास अधिकारी की उपस्थिति में सौंपा गया। भावुक लालीबाई ने पट्टा प्राप्त करते हुए कहा "यह सिर्फ एक कागज़ नहीं, बल्कि मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। अब मुझे अपने घर पर गर्व महसूस हो रहा है।"

वृहद गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1, प्रतापनगर में आज भारत विकास परिषद "सुभाष" शाखा द्वारा वृहद गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के हिंदी प्राध्यापक अनुराग जी ने किया। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए परिषद के प्रमुख अतिथि डॉ. पी.सी. जैन का स्वागत किया। डॉ. जैन नशा मुक्ति एवं जल संरक्षण अभियान से जुड़े हुए हैं तथा वॉटर हीरो सम्मान से भी अलंकृत हो चुके हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नशा निवारण के विषय में उपयोगी जानकारी दी तथा राष्ट्रीय गीत "हम करें राष्ट्र आराधन" सामूहिक रूप से गवाया। कार्यक्रम की शुरुआत सामाजिक समरसता के संदेश के साथ हुई, जिसमें विद्यालय के सफाई कर्मचारी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं सुरक्षा गार्डों को तिलक लगाकर, नारियल अर्पित कर और उपरना ओढ़ाकर परिषद सदस्यों ने सम्मानित किया। इसके बाद विद्यालय के श्रेष्ठ विद्यार्थियों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया— सर्वोच्च प्राप्तांकः आइना खान (XI D), पुत्री श्री रजाक खान; माही कोठारी (XI B), पुत्री श्री संजय कोठारी सर्वोच्च खिलाड़ीः गौरांग गुर्जर (XI B), पुत्र डॉ. आर.सी. गुर्जर बेस्ट ऑल राउंडरः इशिका (XI D), पुत्री श्री दलेर सिंह, सभी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, उपरना ओढ़ाकर, प्रतीक चिन्ह और नारियल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के सभी अध्यापकों का गुरु वंदन किया गया। प्रत्येक गुरुजन के समक्ष एक-एक छात्र-छात्रा खड़े होकर उन्हें तिलक लगाया, उपरना पहनाया और नारियल भेंट किया। विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरु-शिष्य परंपरा को पुनर्जीवित करने का यह प्रेरणादायी आयोजन भारत विकास परिषद द्वारा प्रत्येक वर्ष देशभर में किया जाता है। परिषद के प्रांतीय प्रभारी ऋषभ जैन ने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला। परिषद की शाखा से के.सी. मालू, राजेंद्र खोखावत, शोभा लाल दशोरा (सचिव), करनमल जारौली, रमन सूद, अशोक धूपिया एवं श्रीमती तृप्ता चावला उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश्वर सिंह ने गुरु-शिष्य परंपरा को सशक्त बनाने के लिए भारत विकास परिषद का आभार व्यक्त किया, वहीं वाइस प्रिंसिपल ए.के. खान ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी प्राध्यापक श्री अनुराग ने किया।

चितौड़गढ़ में दिव्यांग बच्चों के साथ दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन



24 न्यूज अपडेट

चितौड़गढ़। भगवती सेवा एवं शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित संकल्प बौद्धिक दिव्यांग पुनर्वास गृह और भगवती बालगृह, बस्सी में दीपावली के अवसर पर बच्चों के लिए स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में चितौड़गढ़ वेकर्स ग्रुप और जैन सोशल श्वेतांबर पद्मनी ग्रुप ने बच्चों के साथ खुशियों के पल साझा किए। संस्थान के अध्यक्ष रामगोपाल ओझा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों के जीवन में स्नेह और खुशी का संचार होता है। बच्चों की मुस्कान और आनंद ही इस तरह के कार्यक्रमों का सबसे बड़ा इनाम है। बेकर्स ग्रुप के मनीष शर्मा ने कहा कि बौद्धिक दिव्यांग और अनाथ बच्चों से जुड़कर अपार खुशी मिलती है और जीवन में नई ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने समाज के अन्य लोगों से भी अपील की कि वे इस तरह के कार्यक्रमों में शामिल होकर समाज को प्रेरित करें। पदमनी ग्रुप की पद्मा पगारिया ने कहा कि बच्चों के साथ जुड़ने का यह उनका पहला अनुभव था और उन्होंने संस्थान की प्रसंसा करते हुए भविष्य में भी जुड़े रहने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बच्चों ने "राम आएंगे तो अगना सजाए" के गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मिठाई, पटाखे, फुलझड़ी आदि सामग्री का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष प्रियंका पालीवाल, बेकर्स ग्रुप के मनीष कुमार, दीपक न्याती, प्रतीक यादव, रवि कुमार जयसवाल, गौरव सुखवाल, आकाश, प्रशांत चौधरी, सुनिता सालवी, कृत्रिज शाक्तावत, पद्मनी ग्रुप की महिला सदस्य ममता खमेसरा, चंदन बाला सहलोत, बुलबुल नाहर, स्वेता नाहर, स्वीटी जैन सहित बच्चों के परिजन और संस्थान के कर्मचारी पुजा शर्मा, सुनिता सुथार, विशाल प्रजापत, टोनी प्रजापत और भगवती टीचर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के छात्र/छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार ललिता जाट ने व्यक्त किया।

धनतेरस पर महिलाओं ने पीली मिट्टी की पूजा कर घर में सुख-समृद्धि की कामना की



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेडा (कविता पारख)। धनतेरस के दिन नगर की महिलाएं परंपरा के अनुसार अल सुबह श्रृंगार तैयार होकर पूजा अर्चना सामग्री और खोदने के बर्तन के साथ लाल मिट्टी के खदान स्थल पहुंचीं। यहां उन्होंने दीपक प्रज्वलित कर, अगरबत्ती, फूल, कुमकुम और गुड़ अर्पित करते हुए विधिवत पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद महिलाएं लाल मिट्टी की खुदाई कर इसे अपने साथ बर्तन में भरकर घर ले जाती हैं। घर पहुँचकर मिट्टी से लेप तैयार किया जाता है और आंगन में लगाया जाता है। इसके बाद मिट्टी के बर्तन को सीर पर रखकर और घर के अंदर-बाहर स्वास्तिक बनाकर स्थापना की जाती है। इसके साथ ही दीपक सजाकर लक्ष्मी पूजा की जाती है। स्थानीय मान्यता के अनुसार, पीली मिट्टी में मां लक्ष्मी का वास होता है। जितनी मिट्टी घर लायी जाएगी, उतनी ही संपत्ति और सुख-समृद्धि माता लक्ष्मी के रूप में घर में आएगी। महिलाएं मिट्टी पर सफेद और गेरुआ रंग से मांडणा करती हैं और दीपों से सजाकर धन और समृद्धि की मंगलकामना करती हैं। इस अवसर पर पूजा-अर्चना में कविता पारख, रीता जाट, सविता शर्मा, नीलिमा पाटीदार, रेखा चौहान, मीनाक्षी पालीवाल, सुनीता खांडेलवाल, प्रीति कुमावत, शशि गोस्वामी सहित कई स्थानीय महिलाएं शामिल हुईं।

सलूंबर जिले के सेमारी में रोडवेज की नई बस सेवा शुरू

24 न्यूज अपडेट

सलूंबर। सेमारी क्षेत्र के ग्रामीणों को लंबे इंतजार के बाद अब बड़ी राहत मिल गई है। राजस्थान पथ परिवहन निगम (राजस्थान रोडवेज) ने सेमारी एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों में रोडवेज बस सेवा की शुरुआत कर दी है। नई बस पलोदड़ा, डिंगरी, चावंड, सराड़ा, सुखेड़ा होते हुए सेमारी तक संचालित होगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को जिला मुख्यालय और अन्य प्रमुख कस्बों से सुरक्षित और सुविधाजनक आवागमन की सुविधा मिलेगी। सलूंबर विधायक शांता मीणा ने कहा कि सेमारी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रोडवेज बस सेवा की शुरुआत क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग अब जाकर पूरी हुई है। बस का रूट नई बस सेवा उदयपुर से शुरू होकर पलोदड़ा, डिंगरी, चावंड, सराड़ा, सुखेड़ा होते हुए सेमारी तक जाएगी। वापसी में बस सेमारी से होकर सुखेड़ा, सराड़ा, चावंड, डिंगरी, पलोदड़ा और उदयपुर पहुंचेगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष केसर सिंह राठौड़ ने बताया कि अब तक ग्रामीणों को आवश्यक कार्यों, चिकित्सा सेवाओं या शिक्षा के लिए निजी वाहनों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती थी। विशेषकर बुजुर्गों, महिलाएं और छात्र इस असुविधा का सामना करते थे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।